हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

4
भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान अंबाचुआ में



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम रनई निवासी स्व. लगनू राम का पेड़ का डगाल टूटकर सिर पर गिरने से 18 मई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र परमेश्वर राम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला चिकित्सालय का ड्रेसर निलंबित

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय के ड्रेसर किशोर कुमार चौहान को चिकित्सा प्रतिपूर्ति पास किए जाने के एवज में रुपए लिए जाने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री चौहान का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव निर्धारित किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विदित हो कि 9 अप्रैल को सोशल मीडिया में चिकित्सा प्रतिपूर्ति पास किए जाने के एवज में ड्रेसर किशोर कुमार चौहान के द्वारा रुपए लिए जाने के संबंध में स्पष्ट विडियो सहित समाचार प्रसारित हो हुए हैं, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत और गंभीर कदाचरण श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के लिए सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील) नियम 1966 के नियम -9 के तहत किशोर कुमार चौहान, ड्रेसर, जिला चिकित्सालय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 18 को

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत एवं पदेन अध्यक्ष, सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में न्यास अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने शासी परिषद के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने आह्वान किया है।

### विभागीय परीक्षा हेतु आवेदन तिथि 30 जून तक

**अम्बिकापुर।** आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि विभागीय परीक्षा माह अगस्त 2026 के आयोजन संबंधी सूचना एवं कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं। इस संबंध में संभाग अंतर्गत सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार, विभिन्न विभागीय परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 30 जून तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय में भेजी जानी है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त सूची पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भी सूची के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त कार्यालय ने सभी विभाग प्रमुखों से अपेक्षा की है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर सूचना प्रदान करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### रक्त संग्रह व सुरक्षित भंडारण की भी व्यवस्था नहीं

# कुनकुरी में ब्लड बैंक की कमी मरीजों की जान पर बन रही आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कुनकुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है। क्षेत्र में एक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित तीन निजी अस्पताल संचालित हैं, जो संसाधनों की दृष्टि से सक्षम माने जाते हैं, लेकिन सबसे बड़ी कमी ब्लड बैंक और ब्लड स्टोरेज यूनिट की है।स्थिति यह है कि कुनकुरी में न तो रक्त संग्रह की समुचित व्यवस्था है और न ही रक्त के सुरक्षित भंडारण की सुविधा उपलब्ध है। इसके कारण रक्तदाताओं और मरीजों के परिजनों को मजबूरन जिला अस्पताल जशपुर जाना पड़ता है, जहां भी उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। कई मामलों में ब्लड लाने में देरी के चलते मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

#### सिजेरियन और बड़े ऑपरेशन में बढ़ी चिंता

विशेष रूप से सिजेरियन डिलीवरी (ऑपरेशन से प्रसव) और अन्य बड़े ऑपरेशन के दौरान मरीजों को तत्काल ब्लड की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में कुनकुरी में ब्लड की अनुपलब्धता के कारण गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों की चिंता कई गुना बढ़ जाती है। समय पर रक्त नहीं मिलने से मां और नवजात दोनों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगता है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।




#### जनता में आक्रोश, ब्लड बैंक की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि कुनकुरी में तत्काल ब्लड बैंक या कम से कम ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना की जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब तक ध्यान देते हैं और आम जनता को राहत कब तक मिल पाती है।

#### निजी अस्पताल भी असहाय

कुनकुरी के निजी अस्पतालों ने भी अपनी मजबूरी जाहिर की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ब्लड बैंक खोलने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कड़े नियम और शर्तों के कारण वे चाहकर भी यह सुविधा शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

#### ब्लड की गुणवत्ता को लेकर भी विवाद

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जशपुर ब्लड बैंक में रक्तदान करने के बाद उन्हें जो ब्लड दिया जाता है, वह कई बार ₹पुराना ब्लड₹ के रूप में होता है, जिसे कुनकुरी के कुछ अस्पताल स्वीकार नहीं करते। इससे मरीजों के इलाज में और देरी होती है तथा परिजनों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

## जशपुर में 2 सरपंच व 25 पंच पदों पर होगा उपचुनाव



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किए गए थे। इसके अंतर्गत जशपुर जिले में भी पंचायत स्तर पर रिक्त पदों के लिए उपचुनाव कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

■ मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

जिले में 2 सरपंच एवं 25 पंच पदों पर उपचुनाव कराया जाएगा। इस संबंध में द्वितीय चरण में 13 अप्रैल 2026 को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 42 तथा पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2026 हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने से लेकर अंतिम प्रकाशन तक की समय-सारणी निर्धारित की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रथम चरण में 23 मार्च 2026 तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण की गईं। इसके पश्चात विधानसभा की अद्यतन मतदाता सूची प्राप्त कर उसे वार्डवार विभाजित करते हुए आवश्यक संशोधन एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से अद्यतन किया गया। मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के उपरांत आम नागरिकों से दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है ।

## 11 बसों के संचालन से आवागमन आसान, समय व पैसे की बचत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। योजना अंतर्गत जिले में कुल 11 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को अब सुगम, सुरक्षित और किफायती आवागमन की सुविधा मिल रही है।

■ मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना: जशपुर के दूरस्थ गांवों को मिली नई रफ्तार

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये बसें जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित हो रही हैं। इनमें कैलाशगुफा से बगीचा, सन्ना से चम्पा, कोतबा से बुलडेगा, तेलाईन से फरसाबहार, रनपुर से कांसाबेल, दोकड़ा से दुलदुला, जशपुर से हर्री , जशपुर से बिचीटोली, जूनाडीह से बासनतला, पत्थलगांव से नारायणपुर तथा दुलदुला से अबिरा जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं। इन बसों के संचालन से ग्रामीण अंचलों के लोगों को अब कम खर्च में सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल रहा है। पहले जहां निजी साधनों या महंगे वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कम किराए में नियमित बस सेवा उपलब्ध होने से लोगों के खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे आमजन की आर्थिक बचत हो रही है और दैनिक आवागमन आसान हो गया है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को इस योजना से बड़ी राहत मिली है। छात्र अब आसानी से स्कूल और कॉलेज पहुंच पा रहे हैं, किसान अपनी उपज को कम लागत में बाजार तक ले जा पा रहे हैं, वहीं श्रमिकों को रोज़गार के स्थान तक पहुंचने में सुविधा हो रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी अब अधिक सुगम हो गई है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कम समय और कम खर्च लग रहा है, जिससे समय पर उपचार संभव हो पा रहा है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के माध्यम से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि यह पहल ग्रामीणों के लिए राहत, सुविधा और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। यह योजना जिले में विकास की नई दिशा तय करते हुए लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।



## ठाकुरमुड़ा में अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ का समापन

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरमुड़ा में आयोजित तीन दिवसीय भव्य अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ (अष्टप्रहरी)' का समापन रविवार को पूर्णाहूति और महाप्रसाद वितरण के साथ अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ।

■ विधायक गोमती साय सहित कई दिग्गजों ने टेका मत्था

विश्व शांति और जगत कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस अनुष्ठान में न केवल स्थानीय ग्रामीणों ने, बल्कि क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लिया। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार, 10 अप्रैल को कलश स्थापना और अधिवास के साथ हुई थी। शनिवार को नामोच्चारण प्रारंभ हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र 'हरे राम, हरे कृष्ण' के महामंत्र से गुंजायमान रहा। रविवार, 12 अप्रैल को यज्ञ की पूर्णाहूति दी गई, जिसके बाद विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं. निरंजन त्रिपाठी जी (दीवानपुर) के मार्गदर्शन में सभी पूजन कार्य संपन्न हुए । यज्ञ के अंतिम दिन पत्थलगांव विधायक गोमती साय और जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय विशेष रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई वरिष्ठ चेहरे भी मौजूद रहे, जिनमें: मनीष अग्रवाल (भाजपा जिला महामंत्री) संगीता सिंह (नगर पंचायत अध्यक्ष, पत्थलगांव) रोशन प्रताप सिंह (अध्यक्ष, ▶▶ शेष पेज 4 पर



## खरकट्टा के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकट्टा में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आवास निर्माण की सामग्री लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर लाल माटी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंद्रपुर निवासी एक व्यक्ति अपने निजी आवास निर्माण के लिए पत्थलगांव से छड़, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री ट्रैक्टर में लोड करवाकर घर ले जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर खरकट्टा के समीप लाल माटी मोड़ पर पहुंचा, चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। ढलान और मोड़ होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा काफी डरावना था, लेकिन ट्रैक्टर पलटने के बावजूद उसमें सवार मजदूर और ड्राइवर को खरोंच तक नहीं आई। सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, सड़क के बीचों-बीच ट्रैक्टर और निर्माण सामग्री बिखर जाने के कारण मार्ग पर आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित रही मोड़ पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया था। शुक्र है कि उस वक्त सामने से कोई दूसरा वाहन नहीं आ रहा था और ट्रैक्टर पर सवार लोग समय रहते कूद गए, जिससे कोई घायल नहीं हुआ।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मार्ग को बहाल करने के प्रयास किए गए। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित पक्ष द्वारा सामग्री को दूसरे वाहन में शिफ्ट करने की व्यवस्था की गई।



## अवैध अतिक्रमण पर वन विभाग की कार्रवाई

**जशपुरनगर।** वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक पी-111 में ग्राम सुलेसा के कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दयानंद यादव, रमेश यादव, कुमार यादव एवं मिथलेश यादव, निवासी ग्राम सुलेसा द्वारा उक्त वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में वन विभाग द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से अतिक्रमण हटाने हेतु समझाइश दी गई थी, किन्तु उनके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया। उक्त परिस्थिति में 12 अप्रैल 2026 को वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुमार यादव, पिता धुनुर यादव, जाति आहीर, निवासी - सुलेसा द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया जा रहा था। विभाग द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए समझाइश के साथ निर्माण कार्य रुकवा कर स्थल को वन विभाग के कब्जे में लेकर भूमि को रिक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त उसी कक्ष क्रमांक में श्री दयानंद यादव, रमेश यादव एवं श्री मिथलेश यादव द्वारा अतिक्रमण की मंशा से मिट्टी डाली गई थी। उक्त मिट्टी को विधिवत रूप से ग्राम पंचायत सुलेसा के सरपंच को सुपुर्द किया गया है। साथ ही उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त मिट्टी के भौतिक स्वरूप में किसी भी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए तथा यथास्थिति बनाए रखी जाए। वन विभाग द्वारा संबंधित सभी व्यक्तियों को सख्त ▶▶ शेष पेज 4 पर



### किसानों की आमदनी में हुई वृद्धि

# पिछले दो वर्षों में 21119 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की नीतियों एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जशपुर जिला आज मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मत्स्य उत्पादन न केवल पोषण सुरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार सृजन का भी एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रदेश में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने हेतु शासन द्वारा निरंतर नवाचारों को अपनाया जा रहा है।

किसानों को आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इन प्रयासों से मत्स्य उत्पादक किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। अप्रैल 2024 से 9 मई 2026 तक मत्स्य उत्पादन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए है, बल्कि मत्स्य उत्पादकों की आमदनी में इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। इन वर्षों में जिले में मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन 18.50 करोड़, मत्सय बीज स्टे.फ्राय उत्पादन 2.55 करोड़ तथा मत्स्य बीज संचयन 2.94 करोड़ तक पहुंच गया है। जिले में कुल 21119 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया। ग्रामीण स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु लगभग 80 हेक्टेयर ग्रामीण तालाबों व जलाशयों का पट्टा आबंटन किया गया। साथ ही 19 मछुआ सहकारी समितियों को शासन द्वारा नवीन योजना के अंतर्गत अनुदान स्वीकृत किया गया। मछुआरों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 13989 हितग्राहियों को मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 63 हितग्राहियों द्वारा मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन का लाभ दिया गया है। साथ ही सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग लगभग 800 लाभार्थियों ने 50 प्रतिशत अनुदान पर फिंगरलिंग क्रय कर संचयन कार्य किया है। सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 712 हितग्राहियों को नाव-जाल वितरण और 335 लाभार्थियों को फुटकर मछली विक्रय योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। इसी प्रकार से झींगा पालन के क्षेत्र में भी 110 इकाइयों की स्थापना से मत्स्य व्यवसाय में विविधता आई है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला बल प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र में नीली क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य देश में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना, मत्स्य निर्यात को दोगुना करना तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है।



## विकासखंड मुख्यालय का आत्मानंद स्कूल होगा परीक्षा केंद्र

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। आवेदन जमा करने के पश्चात विद्यार्थियों को उनके नजदीकी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परीक्षा केंद्र आवंटित होगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिन आवेदकों ने पूर्व में कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं के लिए आवेदन जमा किया है उनका और जो आवेदक वर्तमान में आवेदन जमा कर रहे है का निम्नानुसार परीक्षा केन्द्र होगा।

संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर और विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर में आवेदन जमा करने वाले विद्यार्थियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। इसी प्रकार संकल्प पत्थलगांव और बीईओ कार्यालय पत्थलगांव में आवेदन करने वालों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव तथा संकल्प कुनकुरी और बीईओ कार्यालय कुनकुरी में जमा करने वालो को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। शेष सभी विकासखंडो में जहां विद्यार्थियों ने आवेदन जमा किया है, उन्हें उसी विकासखंड के नज़दीकी स्वामी आत्मानंद विद्यालय में परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। शेष विकासखंडो में जो परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं ।



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय के समीप ठेला गुमटी हटाने की मांग एनएसयूआई ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** एनएसयूआई के पदाधिकारी व सदस्यों ने कालिदास महाविद्यालय के समीप लगाए गए ठेला व गुमटी को हटाने की मांग को लेकर संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संभाग आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया है कि प्रतापपुर स्थित कालिदास महाविद्यालय मुख्य मार्ग परिवर्तन, महाविद्यालय प्रवेश द्वार के सामने जहां अलट बिहारी वाजपेयी चौक व पुष्प वाटिका के समीप अवैध रूप से ठेला गुमटी लगा है जहां तंबाकू उत्पादों की बिक्री, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी छात्र संगठनों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। एनएसयूआई ने महाविद्यालय के समीप लगाए गए ठेला गुमटी को हटाने की मांग की है।

### पीएम आवास योजना में 99 हितग्राहियों को मकानों का आवंटन

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सुभाषनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान - मोर आस परियोजना में 99 हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से मकानों का आबंटन किया गया। आयुक्त डीएन कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यह आवंटन प्रक्रिया माता राजमोहिनी भवन पर पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत कुल 493 आवास की स्वीकृति शासन से मिली थी। जिसमें प्रथम प्राथमिकता में शासकीय भूमि पर काबिज 67 हितग्राहियों को 7 जनवरी 2026 को आबंटन किया गया था, जबकि 426 आवास शेष रह गए थे। इस हेतु नगर निगम द्वारा आवेदन मंगाए गए, जिसमें कुल 1280 आवेदन प्राप्त हुए। शासन के दिशा-निर्देश एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत कुल 295 हितग्राही पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों में से प्रथम चरण में 145 एवं द्वितीय चरण में शुक्रवार को कुल 99 हितग्राही जिन्होंने न्यूनतम टोकन राशि 25 हजार जमा किया था उनका आबंटन कर दिया गया है। कार्यक्रम में सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, डिप्टी कलेक्टर रामराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नोडल अधिकारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, राजस्व प्रभारी, कार्यालय अधीक्षक, निगम के कर्मचारी, अधिकारी सहित हितग्राही उपस्थित रहें।

### उन्नत कृषि के प्रदर्शनी में शामिल हुए पूर्व मंत्री व विधायक



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रस्तुत करने वाली करजी फार्म के सरगांवा में आयोजित संकल्प 2026 के दूसरे दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्य किसानों ने अपनी सहभागिता की। इस आयोजन में लगभग 5870 किसानों ने पंजीयन उपरांत कृषि उद्यानिकी में नवाचार को समझा। इनमें उत्तरप्रदेश से 50, बिहार से 35, पश्चिम बंगाल से 27, झारखंड से 120 किसानों ने सहभागिता के लिए अपना पंजीयन कराया। मुख्य आकर्षक बैकुंठपुर, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर के प्रगतिशील किसानों के साथ महिला कृषक भी सहभागिता करने आयी। उन्नत कृषि को लेकर आयोजित प्रदर्शनी में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही छत्तीसगढ़ उद्यनिकी विभाग रायपुर में संयुक्त संचालक नीरज शाह, उपसंचालक मनोज अंबस्ट, जयपाल सिंह मराबी उपसंचालक कृषि अम्बिकापुर ने भी अपनी सहभागिता की। इस दौरान अतिथियों ने उन्नत कृषि को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। इस प्रदर्शनी का समापन 12 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान वीएनआर के मैनेजिंग डायरेक्टर और भारत मे ग्राफ्टिंग खेती की शुरुआत करने वाले प्रसिद्द किसान विमल चावड़ा भी किसानों के बीच अपना उदबोधन देंगे।

### ऑल इंडिया फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता रोमांचक दौर में



**अम्बिकापुर।** ऑल इंडिया फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता 5 वें चक्र के बाद रोमांचक दौर में पहुंच गई है । 5 वें चक्र की समाप्ति पश्चात महिंद्राकर इंद्रजीत (महाराष्ट्र), कामद मिश्रा (मध्य प्रदेश), इंटरनेशनल मास्टर राहुल संगमा(रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड), डब्लू सी एम राजन्य दत्ता (वेस्ट बंगाल), किशन कुमार (बिहार), कैंडिडेट मास्टर विनोद कुमार शर्मा (छत्तीसगढ़), यशद बमबेश्वर (छत्तीसगढ़) 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाये हुए हैं। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 302 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 244 पुरुष एवं 57 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति से इसे रोमांचक बना दिया है। प्रतियोगिता में दो लाख प्रतियोगिता में निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों विश्व शतरंज महासंघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायको में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अनीश अंसारी, शुभम बसोने, हर्ष शर्मा, रॉकी देवांगन फिडे निर्णायक दामोदर प्रसाद, अनिल शर्मा, सीनियर राष्ट्रीय निर्णायक प्रदीप कुमार मण्डल, सुरेश होता, विनोद कुमार, विक्रम सिंह और अंजुम शामिल हैं। प्रतियोगिता का अंतिम चक्र कल दोपहर दो बजे से खेला जाएगा इसके पश्चात् प्रतियोगिता का समापन होगा।

## जल्द शुरू होगा निर्माण

# कन्हर एनीकट के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार हेतु 3.5 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

**खास बात**
- लम्बे समय से सौंदर्यीकरण की हो रही थी मांग

नगर के मां महामाया मंदिर के समीप कन्हर नदी पर बना एनीकट लंबे समय से तकनीकी खामियों और गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण सुर्खियों में रहा है। नागरिकों एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा लगातार इसकी मरम्मत, गेटों की संख्या बढ़ाने और घाट निर्माण की मांग उठाई जाती रही है।

जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने एनीकट के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के लिए लगभग 3.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई है। इस कार्य के लिए वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया जारी है, जिसके पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। योजना के तहत एनीकट के गेटों की संख्या बढ़ाने, संरचना को मजबूत करने और आसपास घाट निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे जिससे एनीकट की उपयोगिता और सुंदरता दोनों में वृद्धि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से नगरवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास भी होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि झारखंड की ओर एवं छत्तीसगढ़ की ओर गेटों की संख्या बढ़ेगी वहीं एनीकट से महामाया मंदिर तक आकर्षक छठ घाट का निर्माण किया जाएगा।



एनीकट में होना है सौंदर्यीकरण।

**एनीकट की बढ़ेगी जल भराव क्षमता**

एनीकट के गेटों की संख्या वृद्धि होने से निश्चित रूप से रेत और अधिक तेजी से निकल सकेगा जिससे स्टोरेज बढ़ेगा एवं नगर के जल स्तर में सुधार होगा वर्तमान में एनीकट में जल भराव क्षमता का मात्र 30 से 40 प्रतिशत पानी ही शेष रह गया है।

**साबित होगा उपयोगी**

जब से एनीकट का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तकएनीकट उपयोगी साबित नहीं हो सका है।वर्षों तक भीषण जल संकट का सामना करने के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जल क्षमता बढ़ाने की दृष्टि से आवश्यक तकनीकी सुधार करने की योजना बनाई है तथा योजना के अनुसार नियोजित तरीके से कार्य कराने की तैयारी है ।ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से यह उपयोगी साबित होगा।

**सर्वे करने पहुंचे जल संसाधन विभाग के अधिकारी**

एक ओर टेंडर की प्रक्रिया चल रही है दूसरी ओर विभाग के अधिकारी लगातार एनीकट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को बेहतर स्वरूप देने के लिए लगातार सर्वे कर रहे हैं। ड्रोन से भी सर्वे करने की योजना है। निकट भविष्य में विभाग ड्रोन सर्वे करा सकता है।



## रामानुजगंज में 22 हाथियों के झुंड ने जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

- ग्रामीणों को किया गया सतर्क

रामानुजगंज फॉरेस्ट रेंज में इन दिनों 22 हाथियों का बड़ा दल सक्रिय है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग लगातार निगरानी में जुटा है और लोगों को सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी गई है।

फॉरेस्ट रेंज अंतर्गत पिछले कई दिनों से 22 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस झुंड में 10 मादा, 7 नर और 5 शावक शामिल हैं, जो जंगल क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के विजयनगर सर्कल प्रभारी दयाशंकर सिंह के अनुसार हाथियों का यह दल उत्तरी विजयनगर के कंपार्टमेंट पी-3487 के जंगलों में सक्रिय है। विभाग की टीम द्वारा लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि की घटना को रोका जा सके। वन विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों को विशेष सतर्कता बरतने कहा है। ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही गांव-गांव में मुनादी कराकर लोगों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी दी जा रही है। इस समय महुआ सीजन होने के कारण ग्रामीण बड़ी संख्या में जंगलों की ओर रुख करते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। बीते एक सप्ताह पहले ही रामानुजगंज फॉरेस्ट रेंज के चीनिया क्षेत्र में महुआ बीनने गई एक युवती पर हाथियों के इसी दल ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि लगातार बढ़ती हाथियों की गतिविधि को देखते हुए प्रशासन और वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, लेकिन जनसहभागिता और सतर्कता ही ऐसे हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

## शिक्षकों का संलग्नीकरण करें समाप्त, रिक्त पदों पर हो व्याख्याता की भर्ती : अजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की बैठक, कहा शिकायत मिलने पर हो निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, डीईओ डॉ दिनेश कुमार झा की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने अशासकीय विद्यालयों से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शिक्षकों के संलग्नीकरण को समाप्त कर मूल पदस्थापना सुनिश्चित करने तथा एकल शिक्षक अथवा शिक्षक विहीन विद्यालयों की स्थिति न बनने देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विषय विशेषज्ञों की कमी को दूर करने हेतु अतिथि व्याख्याताओं के रिक्त पदों की सूची एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने एवं सत्र प्रारंभ होने से पहले अतिथि व्याख्याताओ की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही, अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नीट-जेईईकोचिंग के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर मेरिट के आधार पर चयनित छात्रों को कोचिंग हेतु भेजने तथा प्रत्येक विकासखंड में कोचिंग सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए।



लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार बर्खास्तगी की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में न्यूज डेस्क की स्थापना कर विद्यार्थियों में पठन-पाठन, सामान्य ज्ञान एवं विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास पर बल दिया गया। बैठक में एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देने, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही शिक्षकों का 16 जून तक शत-प्रतिशत पंजीयन कराने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में बोरवेल स्थापना, अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं पीएमश्री विद्यालयों से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला मिशन समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत 4 बूथों पर किया गया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैयाथान

- योजनाओं का लिया फीडबैक

भारतीय जनता पार्टी के मंडल भैयाथान में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत दूसरे दिन चार बूथों पर बूथ सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत बसकर, कुरीडीह, खैरी एवं रजनी के पारा-मोहल्लों में विशेष रूप से जनसंपर्क किया गया।

इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लाभार्थियों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि, राशन योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रभाव का फीडबैक लिया गया। रविवार को बूथ के प्रभारी प्रकाश दुबे, राजीव प्रताप सिंह, सुनील साहू, सत्यवती दुबे, नेहा तिवारी ने संबंधित बूथों पर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान राम औतार देवांगन, हीरालाल सिंह, पुरन सिंह, इमरान अहमद, रमेश यादव, राजेश सिंह,अवध राम सहित बूथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



अभियान में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

**सात बूथों को सशक्त बनाने का प्रयास**

मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में मंडल के 65 बूथों में से सात बूथ रगदा, सोनपुर, भंवराही, बसकर, कुरीडीह, खैरी एवं रजनी में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इन्हीं बूथों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान को विशेष रूप से सक्रिय किया गया।

## ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर कांग्रेस का बड़ा कार्यक्रम




**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती को वैज्ञानिक जाति जनगणना दिवस के रूप में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल एवं सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र बघेल, शाहनवाज़ आलम, सुशील पासी सहित अन्य उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में महात्मा फुले के विचारों को स्मरण करते हुए सामाजिक न्याय, शिक्षा के प्रसार एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही वैज्ञानिक जाति जनगणना को देश में समान अवसर, पारदर्शिता एवं न्यायपूर्ण नीतियों के निर्माण हेतु अत्यंत आवश्यक बताया। इस भव्य आयोजन की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि मंच संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सरगुजा अंचल से आए वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी गुप्ता को सौंपी गई। श्री गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट संचालन कौशल एवं संतुलित संयोजन से पूरे कार्यक्रम को ऊर्जावान और सुव्यवस्थित बनाए रखा। उनके मंच संचालन की शैली की कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा सराहना की।

## ग्राम गंगापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बूथ सशक्तिकरण बैठक आयोजित



**बिश्रामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की पहल पर गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लटोरी में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ गठन एवं पंचायत अध्यक्ष को लेकर एक बैठक गत दिनों ग्राम गंगापुर में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न हुई। अन्य अतिथियों में अयोध्या जायसवाल, आलम सिंह, केशव, गुलाब, विकास जायसवाल, बुधराम राजवाड़े, बिंदु राजवाड़े, अमित ठाकुर, दुष्यंत तिवारी, चंद्रदेव राजवाड़े मौजूद रहे। बैठक में बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी को मजबूत संगठन के रूप में स्थापित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नियुक्ति सुनिश्चित की गई,साथ ही कांग्रेस पार्टी की जमीनी पकड़ को और सुदृढ़ बनाने के अलावा प्रत्येक कार्यकर्ता से अपील की गई कि वे स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को गंभीरता से लें और उन्हें संगठित एवं सशक्त रूप से प्रशासन के समक्ष रखें। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त करते हुए नई उपलब्धियों व ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




## एक्सप्रेस ट्रेनों में अटैच किये गए नये आधुनिक कोचों को क्षति पहुंचा रहे असामाजिक तत्व

- कई खिड़कियों में लगे ग्रिल को तोड़ा गया, वाश बेसिन में लगे नल भी तोड़कर निकाले

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18242 व 18241 इन दिनों चोरों और असामाजिक तत्वों के निशाने पर है, यात्रियों की सुविधा के लिए हाल ही में आधुनिक एलएचबी कोच से अपग्रेड की गई इस ट्रेन के कोचों को बदमाश लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ट्रेन के कई डिब्बों की खिड़कियों में लगे ग्रिल को तोड़कर या टेढ़ा कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है,इसके अलावा बायो टॉयलेट और वाश बेसिन में लगे नल भी खोलकर चोरी किए जा रहे हैं। हाल ही में एक घटना में नल चोरी होने के कारण पूरे सफर के दौरान कोच में पानी बहता रहा, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी एक जागरूक यात्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से रेल मंत्रालय को दी, जिसके बाद नल को बदला गया।बताया गया कि उक्त एक्सप्रेस ट्रेन दुर्ग से रात में चलकर सुबह अंबिकापुर पहुंचती है और फिर प्रातः अंबिकापुर शहडोल होते हुए पुनः अंबिकापुर लौटती है। दोपहर के समय शहडोल स्टेशन यार्ड में खड़ी रहने के दौरान ही असामाजिक तत्व कोचों को निशाना बना रहे हैं। रेलवे के सी एंड डब्ल्यू विभाग के अनुसार, कोचों से नल चोरी होने की शिकायतें अब आम हो गई हैं। एक तरफ जहां रेल प्रबंधन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्व इन प्रयासों के उलट काम कर रेल संपत्ति को नुकसान पहुँचा रहे हैं,लगातार हो रही इन घटनाओं से यात्रियों कोभारी परेशानी उठानी पड़ रही है,स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।बता दें कि रेल प्रबंधन ने एक वर्ष पूर्व मार्च माह में अंबिकापुर दुर्ग व दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन के पुराने कोचों को बदल नए आधुनिक एलएचबी कोच लगाते हुए यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

## युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** सीएम कार्यक्रम से पहले शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करने के मामले में पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। नगर निगम में पदस्थ सहायक अभियंता प्रदीप कुमार पैंकरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का लोकार्पण होना था। विभाग द्वारा प्रतिमा के लोकार्पण की तैयारी की जा रही थी इस दौरान विकल झा व अन्य लोगों ने देर रा 12 बजे मौके पर पहुंचकर प्रतिमा का लोकार्पण कर दिया। इससे अंतिम चरण की शासकीय कार्य की तैयारी में पूर्णतः बाधा पड़ गई। नगर निगम के कर्मचारियों को लगाकर फिर से साज सज्जा कराई गई। विकल झा व अन्य उसके साथी के लोकापर्ण करने से शासकीय संपत्ति का नुकसान हुआ। पुनः शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति को फुलमाला व विधिवत कवर किया गया। विकल झा व अन्य के द्वारा जो विडियो शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति लोकापर्ण का विडियो शोसल मिडिया में डाला गया था।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान



**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा जिला टीकाकरण अधिकारी के सतत पर्यवेक्षण में जिला चिकित्सालय बलरामपुर में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विकासखंड बलरामपुर के ग्राम दलधोवा एवं जमुआटांड की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को चिन्हित कर टीकाकरण किया गया। इस दौरान डॉ. अनूप पैकरा (आरएमओ), जिला चिकित्सालय बलरामपुर द्वारा कुल 8 बालिकाओं को टीका लगाया गया। टीकाकरण प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित एवं निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप संपन्न की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, पर्यवेक्षक, आरएचओ, सीएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य मैदानी अमले उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कुडुमकेला पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान

**रायगढ़।** गांव चलो अभियान के तहत जिला भाजपाध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कुडूमकेला मंडल के ग्राम घरघोड़ी में मौजूद हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी योजनाओं को साझा किया। ग्रामीण विकास के लिए साय सरकार एवं गांव के विकास एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

### युवक संघ के कार्यों की वित्त मंत्री ने की सराहना

**रायगढ़।** रामनिवास टॉकीज के पास युवक संघ द्वारा आम जनता के लिए ठंडा पानी एवं शरबत की व्यवस्था करने की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि युवक संघ यह कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने कुछ देर रूककर खुद ही अपने हाथों से आने जाने वालों को पानी व शरबत दिया। उल्लेखनीय है कि युवक संघ द्वारा राहगीरों के लिए विगत कई वर्षों से ठंडे पानी के साथ शरबत की व्यवस्था की जाती है।

### स्टेशन परिसर में चाकूबाजी, युवक घायल

**रायगढ़ ।** रेलवे स्टेशन में लूट की कोशिश का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया । अज्ञात बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक, लोहरसिंग निवासी 34 वर्षीय संपत खड़िया उर्फ गनपत 5 अप्रैल 2026 को अपने ससुराल जाने के लिए रायगढ़ से खरसिया गया था । 6 अप्रैल को वह उत्कल एक्सप्रेस से वापस रायगढ़ लौटा और दोपहर करीब 3 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचा । यात्रा की थकान के चलते वह स्टेशन परिसर में ही सो गया । इसी बीच रात्रि करीब 08-09 बजे के मध्य 2-3 अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और पेन्ट शर्ट के जेब को चेक करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उन लोगो ने उसके साथ गाली गलौज की और रेलवे स्टेशन के बाहर आने पर जान से मारने तक की धमकी दे डाली। इसी बीच जब उसने अपना बचाव करने का प्रयास किया तब तीनों ने मिल कर उसके साथ मारपीट की और उसमे का एक व्यक्ति अपने पास रखे चाकू से पेट में वार कर दिया। जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों केखिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### बनखेता स्टाप डेम में डूबा उद्योगकर्मी

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बनखेता स्टाप डैम में एक उद्योगकर्मी डूब गया। उसकी तलाश के लिए गोताखोरों की टीम बुलाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश महंत निवासी भेंड्रो सनस्टील प्लांट में काम करता था, वह बनखेता स्थित स्टाप डैम के पास गया हुआ था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डैम में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए उसकी तलाश के लिए रायगढ़ से गोताखोरों की टीम को सूचित किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक रायगढ़ से गोताखोरों की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी।

## पृष्ठ 3 का शेष

### ठाकुरमुड़ा में अखण्ड ...

सरपंच संघ) आनंद शर्मा (भाजपा जिला उपाध्यक्ष) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि अष्टप्रहरी जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इससे आपसी भाईचारा और एकता को मजबूती मिलती है और हमारी नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति व संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस महायज्ञ के मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 श्री कपिलदास जी (तपस्वी बाबा, किलकिला) का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनके दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन को सफल बनाने में ठाकुरमुड़ा के समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुति ने तीन दिनों तक पूरे वातावरण को भक्ति के रस में डुबोए रखा। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### अवैध अतिक्रमण ...

चेतावनी दी गई है कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न किया जाए। यदि पुनः इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध प्रचलित वन अधिनियमों एवं अन्य लागू विधिक प्रावधानों के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

# भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान अंबाचुआ में




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर "गांव चलो, बस्ती चलो अभियान"के तहत कुनकुरी ग्रामीण मंडल के अंबाचुआ बूथ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच पहुंचे और भाजपा की रीति-नीति, विचारधारा के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में भाजयुमो कुनकुरी ग्रामीण अध्यक्ष विकास नाग, मंडल उपाध्यक्ष मयंक सहाय युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अविनाश सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्राम के सम्मानित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भाजपा द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही गांव के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करना और घर-घर तक सेवा पहुंचाना है। इसी संकल्प के साथ पार्टी कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

## दाराखरिका में जुटे कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे 'गांव चलो–बस्ती चलो'अभियान के तहत ग्राम दाराखरिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश यादव .ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कुनकुरी विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह, मंडल उपाध्यक्ष तुलाधार यादव, मंडल महामंत्री, शंकर यादव, जनपद सदस्य संतोष यादव,जिला ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य परशु यादव,ग्राम क़े सरपंच संतोष भूईया,बूथ अध्यक्ष गणेश चौहान, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता विजय कुशवाहा,छत्रपाल सिंह और सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओंएवं मातृशक्ति क़ो श्रीफल एवं अंगवस्त्र से सम्मान कर उनका अभिनंदन किया गया। ग्राम दाराखरिका में संपन्न यह आयोजन न केवल संगठन की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि जन-जन तक विकास और विश्वास की विचारधारा पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बना। इस कार्यक्रम के ग्राम प्रभारी पंचायत के उपसरपंच श्रीमती संतोषी यादव और शक्तिकेंद्र संयोजक टिकेश्वर यादव जी रहे, जिनके नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## ई-ऑफिस के माध्यम से शासकीय कार्यों का संचालन करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों और जिला कार्यालय के कर्मचारियों को शासकीय कार्य ई आफिस के माध्यम से ही करने के दिए निर्देश। उन्होंने ई आफिस संचालन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यालयों को अनिवार्य है।

कलेक्टर ने ई ऑफिस का कैसे संचालन करना जैसे ई फाइल, नोट सीट को ई ऑफिस के माध्यम से कैसे भेजना है। अधिकारियों और कर्मचारियों का डाटा, नियुक्ति दिनांक, आदेश पदस्थापना की जगह, जिला,पदनाम, मोबाइल नम्बर, प्रमोशन आदेश, प्रथम नियुक्ति आदेश, परिवीक्षा अवधि, आदि अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपडेट करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी में तीन कोर्स करने के निर्देश दिए हैं।और उसका प्रमाण पत्र कोषालय में जमा करने पर ही वेतन मिल पाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विकास खंड स्तरीय सुशासन शिविर में बीएमओ, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, फूड इंस्पेक्टर,श्रम विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को शिविर में भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि राज्यपाल रमेन डेका के जशपुर निरीक्षण के दौरान जरूरी निर्देश दिए गए हैं उसका सभी को पालन करना अनिवार्य है। सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम का पौध रोपण करने के निर्देश दिए हैं। और मां के नाम का बोर्ड लगाने के लिए कहा है। नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को नशापान दूर रहने जागरूकता अभियान चलाने और डाक या पार्सल गोदाम में पुलिस विभाग की टीम को चेक करवाने के निर्देश दिए हैं कोई पार्सल के माध्यम से अवैध नशा समाग्री तो नहीं पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। विक्रय करते पाए जाने वाले दुकानों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा 6/4 के तहत प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि गंभीरता से देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि अधिकारी को किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा खाद कि आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। लोगों दुर्घटना से बचाने के लिए जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उनका स्वास्थ्य जांच करने के दिए निर्देश।

■ विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों में लगाएं स्वास्थ्य शिविर

# सीएचसी बगीचा में एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत

**किशोरी बालिकाओं को कैंसर से सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम, 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जाएगा टीका**

**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में आज एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल किशोरी बालिकाओं को गंभीर बीमारियों एवं विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के तहत ग्राम बगडोल निवासी कु. पायल उम्र 14 वर्ष को पहला एचपीवी टीका लगाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बीपीएम सूर्य रत्न गुप्ता, बीईटीओ देवसाय भगत, आरएमए मुकेश अग्रवाल, सेक्टर सुपरवाइजर दशरथ साहू, आरएचओ सुभाष शर्मा, संतोष कुमार एवं एएनएम अनिता पैंकरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है, जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर), गुदा, गले एवं अन्य कैंसर के साथ-साथ जननांग मस्सों के लिए जिम्मेदार ह्यूमन पेपिलोमावायरस संक्रमण से बचाव करता है। समय पर टीकाकरण से भविष्य में गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। यह अभियान जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य सशक्तिकरण और जागरूकता की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।



## खरसिया में जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण

**खरसिया।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं समसामयिक विषयों पर आधारित जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित मासिक जनमन पत्रिका का खरसिया क्षेत्र में निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने पत्रिका की सराहना करते हुए इसे जन जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया। पाठकों ने कहा कि जनमन पत्रिका न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं समसामयिक विषयों की जानकारी सरल एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की गई है।

# एसएसपी ने किया एनर्जी कप 2026 वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य वॉलीबॉल संघ एवं जिला वॉलीबॉल संघ रायगढ़ द्वारा एनटीपीसी लारा में आयोजित एनर्जी कप 2026 अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केशव चंद्र सिंघा रॉय रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जाकिर खान श्रीमती रेखा ठाकुर अध्यक्ष, प्रेरिता महिला समिति सहित समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में हरियाणा स्पाइकर ने छत्तीसगढ़ पुलिस को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जिससे टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें जबलपुर रेलवे, प्रयागराज, एनटीपीसी लारा रायगढ़, रायपुर, हरियाणा स्पाइकर, भुवनेश्वर, गुजरात तथा छत्तीसगढ़ पुलिस शामिल हैं।

## बिना नम्बर प्लेट व मॉडिफाइड वाहनों पर पुलिस का शिकंजा, 22 बाइक चालकों पर की गई कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश पर बिना नम्बर प्लेट, मॉडिफाइड वाहनों, ओवरस्पीड और नाबालिग चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली जशपुर पुलिस ने बीती रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए 22 मोटरसाइकिलों को पकड़ा गया। जांच के दौरान 19 वाहन बिना नम्बर प्लेट के पाए गए। पुलिस ने इन वाहनों को जब्त करते हुए चालकों को अगले दिन नम्बर अंकित कराने के निर्देश दिए। नम्बर लिखाने के बाद ही वाहनों का चालान कर छोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान कुल 5700 रूपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं एक वाहन चालक को ओवरस्पीड में वाहन चलाते पाए जाने पर 1000 का चालान किया गया। शेष 2 मामलों में कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि वाहन चालक दोबारा बिना नम्बर प्लेट या अन्य नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, तो वाहन जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।



# निर्माण कार्यों में लापरवाही निरीक्षण में पहुंचे जिपं सीईओ ने लगाई फटकार

■ तकनीकी सहायक और एजेंसी को नोटिस जारी करने के आदेश

**कटेली।** जिला पंचायत सारंगढ़ के सीईओ ने निर्माण कार्यो का जायजा लेने ग्राम पंचायत बछोरडीह और धाराशिव पहुंचे। इस दौरान नाली, सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर उन्होंने संबंधितों को जमकर फटकार लगाई। विगत दिवस दौरे पर निकले जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने बछोरडीह में निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत बन रही नाली और सीसी रोड में गंभीर खामियां उजागर हो गईं। नाली निर्माण में गुणवत्ता का अभाव साफ दिखाई दिया, वहीं सीसी रोड का एलाइनमेंट भी गड़बड़ी पाई गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सार्वजनिक शौचालय की हालत भी बेहद खराब पाई गई। इन सभी खामियों को देखकर सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने मौके पर ही निर्माण एजेंसी के लोगों को जमकर फटकार लगाई। इंद्रजीत बर्मन जिला सीईओ ने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही और घटिया निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यो में गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत धाराशिव में चल रहे चेक डैम निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। यहां भी हालात संतोषजनक नहीं थे। जिस पर उन्होंने संबंधित तकनीकी सहायक और निर्माण एजेंसी के खिलाफ तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जनपद पंचायत बिलाईगढ़ को दिए। इस कार्रवाई के बाद विभागीय अधिकारियों और एजेंसियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने स्पष्ट तौर पर दो टूक संदेश दिया। जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है। मानक से किसी भी प्रकार का समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



# कलेक्टर ने डॉ बिहारी लाल साहू से पाण्डुलिपि संरक्षण के संबंध में की चर्चा

■ ज्ञान भारत मिशन : पुराने हस्तलिखित रचनाओं को सहेजने का देशव्यापी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला से जुड़े ग्राम चांटीपाली के विद्वान डॉ बिहारी लाल साहू से शुक्रवार को भेंट मुलाक़ात कर उनसे ज्ञान भारत मिशन के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर ने उन्हें प्राचीन हस्तलिखित धरोहर पांडुलिपियों, कृति संरक्षण में सहयोग देने की अपील की। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू ने भी योजना के व्यावहारिक पक्ष की जानकारी दी। डॉ बिहारी लाल साहू ने कहा कि यह अंचल सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न क्षेत्र है। यहाँ मूलभाषा छत्तीसगढ़ के साथ उड़िया एवं अन्य जनजातीय भाषाओं को प्रचलन है। यह अंचल छत्तीसगढ़ का पूर्वी द्वार है सांस्कृतिक द्वार है। उल्लेखनीय है किए ज्ञान भारत मिशन भारत की विशाल हस्तलिखित धरोहर को संरक्षित करने, उसका डिजिटलीकरण करने और उसे प्रसारित करने की एक राष्ट्रीय पहल है, जो भावी पीढ़ियों के लिए परंपरा और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करती है। इस मिशन के लिए 482.85 करोड़ रुपए 2024-31 आवंटित किए गए हैं और कृति संपदा डिजिटल भंडार में पहले से ही 44.07 लाख से अधिक पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। पांडुलिपियां हमारे देश की एक ऐसी समृद्ध और बौद्धिक संपन्नता का वह अद्भुत खजाना हैं जो भारत को और देश से अलग बनाता है। भक्ति काल से लेकर समय के चक्र के परिवर्तन के साथ साहित्य उपन्यास और हस्तलिखित लेखों की एक विस्तृत सामग्री भारत के विभिन्न विभिन्न हिस्सों में मौजूद है। यह पुराने हस्तलिखित रचनाओं को सहेजने का देशव्यापी अभियान है जिसमें विश्व गुरु काल की कृति को डिजिटल युग में संरक्षित करने की कोशिश भारत के द्वारा की जी रही है।



## भगवान की महिमा सुनकर परम पद प्राप्त कर सकते हैं : आचार्य रमाकांत

**छाल।** छाल तहसील अंतर्गत ग्राम बहेरामार में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यास आचार्य रमाकांत महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए भागवत भक्ति की महिमा बताई।

उन्होंने कहा कि कलयुग में घर परिवार छोड़कर तपस्या करना संभव नहीं है इसलिए यहां भगवान की महिमा सुनकर ही परम पद को प्राप्त किया जा सकता है। महाराज ने अपने संगीत मय भागवत कथा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी और हिंदी में सरल भाषा में लोगों को समझाते हुए बताया कि घर बार छोड़ना जरुरी नहीं, बस मन को ईश्वर की ओर मोड़ना जरुरी है। इसके पहले दिन की कथाओं में उन्होंने सुदामा चरित्र, कृष्णरास लीला, गोवर्धन पूजा, बाललीला आदि का विस्तार से वर्णन किया। अंतिम दिवस हवन सहस्त्र धारा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। कथा श्रवण करने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त